जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

21 मई 2024

प्रेस विज्ञप्ति

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद ने एजेके मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर (एजेकेएमसीआरसी), जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के नौ छात्रों की भर्ती की।

एजेके मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर (एजेकेएमसीआरसी), जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) को द इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) हैदराबाद द्वारा 17 मई, 2024 को सेंटर में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट अभियान के सफल समापन की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। एजेकेएमसीआरसी से कुल 9 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन गहन भर्ती अभियान में कठोर चयन प्रक्रिया के उपरांत किया गया। भारत के दो प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के बीच पारस्परिक सहयोग की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

इस चयन प्रक्रिया में कई चरण शामिल थे, जिनमें साइकोमेट्रिक टेस्ट, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल हैं । इन छात्रों ने असाधारण कौशल, रचनात्मकता और समकालीन मीडिया और संचार प्रथाओं की बेहतरीन समझ का प्रदर्शन किया जिससे वे आईएसबी द्वारा प्रस्तावित विविध भूमिकाओं हेतु आदर्श उम्मीदवार बन गए।

जनसंचार, विकास संचार और कन्वेर्जेंट पत्रकारिता में एमए कार्यक्रम के छात्रों को संचार और विपणन में विभिन्न पेशेवर भूमिकाओं के लिए नौकरी के प्रस्ताव मिले। भर्ती अभियान के दौरान चुने गए नौ छात्र हैं: उमैमा, निदा फातिमा, रिदा फातिमा मोबिन, सोमैया शाकिर, आसमा, अनुषा खान, मलक तारिक खान, बासित गुल पार और नुजहत खान।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो इकबाल हुसैन ने चयनित छात्रों को बधाई दी और चयनित छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी को देखकर खुशी व्यक्त की। प्रो हुसैन ने कहा कि प्रसिद्ध संगठनों में छात्रों के चयन ने विश्वविद्यालय में अधिगम- अध्यापन की गुणवत्ता और अपने छात्रों के समग्र व्यावसायिक और व्यक्तिगत विकास पर विश्वविद्यालय के जोर को प्रदर्शित किया है।

इस मौके पर एजेकेएमसीआरसी, जेएमआई के निदेशक प्रो एम कासिम ने चयनित छात्रों से कहा कि वे आईएसबी परिवार में शामिल होंगे और इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे तथा साथ ही साथ वे आईएसबी में एमसीआरसी के राजदूत के रूप में भी कार्य करेंगे। उन्होंने छात्रों से विश्वविद्यालय से अर्जित सीख को कायम रखने और जेएमआई के मूल्यों के प्रति सच्चे बने रहने को को कहा ।

आईएसबी टीम का नेतृत्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी - जीतू मिश्रा ने किया और इस टीम में मुख्य विपणन अधिकारी - कार्तिक तेजा, एसोसिएट निदेशक- मानव संसाधन - साहिल बंसल और वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन- शिखा खुराना शामिल थे ।

कार्यक्रम का समन्वयन एजेकेएमसीआरसी की प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. प्रगति पॉल द्वारा किया गया। उन्होंने बड़ी संख्या में छात्रों के सफलतापूर्वक प्लेसमेंट पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्र निस्संदेह जिन संगठनों में शामिल होंगे, उनके लिए वे मूल्यवान धरोहर साबित होंगे।

अपनी समापन प्रस्तुति में आईएसबी टीम ने जामिया परिसर में पुनः आने के अपने इरादे को व्यक्त किया और देश के दो अग्रणी संस्थानों के बीच पेशेवर संबंध को मजबूत करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया